RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 233
हिसार | मंगलवार, 21 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए |पृष्ठ 6










# किसानों को बनाया जा रहा खलनायक, लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर पंजाब को सुप्रीम कोर्ट की फटकार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 21 नवम्बर :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में एक दिन पहले के मुकाबले हवा कुछ और खराब हो गई है। गुरुग्राम को छोड़कर दिल्ली समेत एनसीआर के सभी प्रमुख शहरों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में है। देश के कई राज्यों में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त हो गया है। वह लगातार इस मामले में सुनवाई करके राज्यों को फटकार लगा रहा है। अब मंगलवार को एक फिर शीर्ष अदालत ने पंजाब को फटकार लगाई। कहा कि किसानों को खलनायक बनाया जा रहा है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट वायु प्रदूषण मामले की अगली सुनवाई पांच दिसंबर को करेगा।

**आठ हजार से अधिक बैठकें की गईं**

शीर्ष अदालत ने कहा कि यहां अदालत में किसानों की सुनवाई नहीं हो रही है। पराली जलाने के लिए उनके पास कुछ कारण तो होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि पंजाब सरकार की रिपोर्ट बताती है कि किसानों और किसान नेताओं के साथ 8481 बैठकें की गई हैं। इन बैठकों का उद्देश्य यह था कि ताकि उन्हें एसएचओ द्वारा धान की पराली न जलाने के लिए समझाया जा सके।



**पराली जलाने की घटनाओं में कमी नहीं**

अदालत ने आदेश में कहा कि खेतों में पराली जलाने की घटनाओं में कमी नहीं आई है। पराली जलाने के लिए भूमि मालिकों के खिलाफ 984 एफआईआर दर्ज की गई हैं। दो करोड़ रुपये से अधिक का पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है, जिसमें से 18 लाख रुपये वसूल किए गए हैं।

**मशीन ही सब कुछ नहीं**

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से यह भी पूछा कि वह फसल अवशेषों की प्रक्रिया को सौ फीसदी फ्री क्यों नहीं करती है? शीर्ष अदालत ने कहा कि किसानों को इसे जलाने के लिए बस माचिक की जरूरत पड़ती है। फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए सिर्फ मशीन ही सब कुछ नहीं है। यहां तक कि अगर मशीन फ्री में दी भी जाती है, तो डीजल लागत, मैनपावरआदि चीजों की जरूरत पड़ती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को डीजल, मैनपावर आदि के लिए फंड क्यों नहीं दे सकती है? अदालत ने पंजाब को हरियाणा राज्य से सीख लेने की नसीहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब की सरकार को वित्तीय प्रोत्साहन देने का तरीका हरियाणा से सीखना चाहिए।

**भूजल की कमी होती जा रही**

पंजाब में लगातार भूजल की कमी होती जा रही है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य में लगातार जल के स्तर में कमी आ रही है, इसलिए यहां की जमीन धीरे-धीरे शुष्क होती जा रही है। अगर जमीन पूरी तरह सूख गई, तो कई चीजें प्रभावित होंगी। अदालत ने कहा कि कहीं न कहीं किसानों को धान उगाने के अच्छे बुरे परिणामों के बारे में जागरूक करना चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने अटॉर्नी जनरल से धान की खेती का विकल्प ढूंढने को कहा।

**खुले में कचरा जलाने की घटनाओं की रिपोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सरकार को खुले में कचरा जलाने की घटनाओं पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही पुराने वाहनों पर कलर-कोडेड स्टिकर नहीं लगाने पर भी शीर्ष अदालत ने संज्ञान लिया। अदालत ने समिति से इस पहलू पर गौर करने और यह पता लगाने को कहा कि नियमों के पालन के लिए राज्यों को क्या निर्देश जारी किए जाए।

---

**अवैध शराब की बिक्री रोकने को लेकर हरियाणा पुलिस का धरपकड़ अभियान जारी**

## अभियान के तहत 11 से 20 नवंबर तक प्रदेश में 444 एफआईआर दर्ज तथा 436 लोगों की गिरफ्तारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 21 नवम्बर :** पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रोजाना अवैध शराब की बिक्री करने वाले खुर्दो की धरपकड़ करते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत 11 नवंबर से लेकर 20 नवंबर तक 444 एफआईआर दर्ज करते हुए 436 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री करने वाले खुर्दो को पकड़ने के लिए पुलिस विभाग की कई टीमें जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सक्रियता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए प्रदेश में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को तुरंत पकड़ा जा सके। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय द्वारा जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समय-समय पर बैठकें करते हुए एक्शन टेकन रिपोर्ट ली जाती है ताकि इस दिशा में सार्थक प्रयास करते हुए अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर शिकंजा कसा जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध शराब बिक्री के खिलाफ आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। आंकड़े सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि उपरोक्त वर्णित समय अवधि के दौरान पुलिस विभाग की टीम द्वारा 11368 देसी बोतल,1449 अंग्रेजी बोतल, 774 बीयर की बोतले,2352 लीटर लाहन तथा 354 कच्ची शराब बरामद की गई है। उन्होंने शराब बिक्री करने वाले ठेकेदारों का आह्वान करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार के लालच में आकर अपने आउटलेट पर अवैध शराब की बिक्री न करें। ऐसा करते पाए जाने पर पुलिस विभाग सख्ती से निपटेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा स्थानीय लोगों से भी अपील की जाती है कि इस प्रकार के अवैध खुर्दो व नकली शराब बनाने वालो व्यक्तियों की सूचना तुरन्त पुलिस को दे ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सकें। इस बारे में सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा।









---

## 3 दिसंबर को हिसार में होगा युवा सम्मेलन, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित : धर्मदेव महाराज

**महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज व निगम मेयर गौतम सरदाना की अध्यक्षता में होगा सम्मेलन**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** राष्ट्रीय सनातन महासंघ के तत्वावधान में सर्व समाज के ऊर्जावान देश प्रेमियों का युवा सम्मेलन 3 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से जीजेयू के ऑडिटोरियम में होगा। इस सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित होंगे और सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्मय से दी। प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद युवा सम्मेलन के संयोजक हरीश वर्मा ने बताया कि सम्मेलन राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज के सानिध्य में होगा जबकि अध्यक्षता नगर निगम हिसार के महापौर गौतम सरदाना द्वारा की जाएगी।




स्वामी धर्मदेव महाराज ने बताया कि राष्ट्रीय सनातन महासंघ के पांच मुख्य उद्देश्य हैं जिनमें देश भक्ति, नशा मुक्ति, मातृ-पितृ वंदन, जरूरतमंदों की सेवा व दृढ़ अनुशासन शामिल हैं। युवा वर्ग को राष्ट्रीय सनातन महासंघ से जोड़ा जाएगा और देश व समाज की सेवा में संगठन अपना पूर्ण योगदान देगा। संगठन के माध्यम से युवाओं को नशे आदि से दूर रहकर महासंघ से जुड़ने तथा देश व समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बातया कि इस सम्मेलन में 36 बिरादरी के युवा भाग लेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और देशभक्ति से ओत-प्रोत होकर अपने माता-पिता की सेवा करें व असहाय लोगों की सेवा कर अनुशासित जीवन जीते हुए देश की प्रगति में अपना योगदान दें।

संयोजक हरीश वर्मा ने कहा कि सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर है तथा इस सम्मेलन में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में युवा भाग लेंगे। सम्मेलन को ऐतिहासिक व यादगार बनाने के लिए अनेक युवा साथियों की टीमें दिन-रात काम कर रही हैं। सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को देश व समाज की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाएगा और अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़कर युवाओं को ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाया जाएगा।

इस अवसर पर बलजीत लाठर, विक्रम लितानी, दीपक लोहान, कुलदीप पहल, कपिल बिश्नोई, महाबीर राना, राजेश नहरा, रविश व विजय आदि भी मौजूद रहे।







# सम्पादकीय..........

## इजरायल-हमास युद्ध, बातचीत से निकले रास्ता

इजरायल-हमास के बीच जारी युद्ध किस करवट बैठेगा, इसकी कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता। डेढ़ माह से चल रहे इस युद्ध का सार अभी तक यही निकला है कि इजरायल पूरी ताकत लगाने के बावजूद अपने मिशन में कामयाब नहीं हो पाया है। न तो वह हमास को खत्म कर पाया है और न ही बंधक बनाए गए अपने लोगों को छुड़ा पाया है। पैंतालीस दिन से चल रहे इस युद्ध का एक और निचोड़ सामने आ रहा है। वह यह कि करीब चौदह हजार लोगों की मौत हो चुकी है और इससे दोगुने घायल हुए हैं। खास बात यह है कि मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इस युद्ध से जुड़े अनेक सवाल अहम हैं, लेकिन इनका जवाब देने वाला कोई नहीं है। दो देशों के बीच युद्ध में निर्णायक अथवा मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला संयुक्त राष्ट्र भी युद्ध समाप्त करने की अपील से अधिक कुछ नहीं कर पा रहा। पहले भी ऐसे मौकों पर वह कुछ नहीं कर पाया था। इसलिए उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल उठते रहते हैं। अहम सवाल यह भी है कि क्या युद्ध के बिना बंधकों को नहीं छुड़ाया जा सकता? गाजा पट्टी में मानवीय सहायता की अपील करने वाला अमरीका, इजरायल को हथियार और गोला-बारूद मुहैया करवा रहा है। वही गोला-बारूद गाजा पट्टी के निहत्थे लोगों पर दागा जा रहा है। ऐसे में युद्ध को समाप्त करने की कोई भी पहल सार्थक साबित हो तो कैसे? उधर, रूस और यूक्रेन युद्ध भी 600 से अधिक दिन से चल रहा है। इस युद्ध में दस हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। इस युद्ध में एक तरफ रूस है तो दूसरी तरफ यूक्रेन है, जिसके पीछे अमरीका खड़ा है। निस्संदेह हमास ने इजरायल पर जिस तरह की बर्बरता की, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी ही कम है। सवाल यह है कि गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में निर्दोष लोग जिस तरह से मारे जा रहे हैं, क्या बदले की कार्रवाई की आड़ में वह भी हमास जैसी बर्बरता नहीं है? शरणार्थी शिविरों, स्कूलों और अस्पतालों पर बमबारी को तो किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। यह भी बर्बरता ही है, जिसका समर्थन नहीं किया जा सकता। इजरायल पर हमले के लिए हमास दोषी है, तो उसे सबक सिखाया जा सकता है। लेकिन, जवाबी कार्रवाई के नाम पर निहत्थे लोगों को निशाना बनाने का तो कोई समर्थन कैसे कर सकता है? असल में समस्याओं को उलझाए रखने से अचानक विस्फोटक हालात पैदा हो जाते हैं। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे विवाद के साथ भी यही हुआ है। विवाद चाहे जितने जटिल हों, उनको बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। बंदूक की गोली से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। यह बात दोनों पक्षों को समझनी होगी।

# गलतियों से सबक लें तो वह बन जाती हैं वरदान

**अध्यात्म**

दुनिया में ऐसा कोई शख्स नहीं है, जिसने जीवन में कामयाबी पाई हो और उससे कोई गलती ही नहीं हुई हो। हर कोई अपने जीवन में कभी न कभी गलतियां करता है। प्रख्यात लेखक जॉर्ज बर्नार्ड शॉ ने कहा है कि गलतियां उन लोगों के लिए वरदान बन जाती हैं, जो उन्हें सुधार लेते हैं और भविष्य में कभी दोहराते नहीं हैं। इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने अपनी गलतियों से सबक लिया और उन्हें सुधारने का प्रयास किया है, वे कालांतर में अपने-अपने क्षेत्रों में जबर्दस्त उपलब्धियों के लिए जाने गए। एक स्वस्थ और सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति अपनी गलतियों को स्वीकार करने में नहीं झिझकता है। ऐसा करने से उसके मन से स्वयं को दोष देने का भाव दूर हो जाता है। एक बात याद रखें, क्षमा मांगना और किसी को क्षमा करना, दोनों ही बड़प्पन से संबंधित गुण हैं। क्षमा मांगने से आपका मन हल्का हो जाता है और संवाद स्थापित करने में सहजता होती है। याद रखें, स्वयं की गलतियों का आरोप दूसरों पर अकारण न मढें। ऐसा करने से बात बनने के बजाय और बिगड़ती चली जाएगी। आप अपनी गलती से अनजान रहेंगे और जिस पर दोष मढ़ा जा रहा है वह आपके प्रति विद्वेष पाल लेगा। क्रोध कहीं भी हो, किसी के भी मन में हो, उसका अंत प्रायः एक और गलती पर होता है। आमतौर पर गलतियां करने वाले लोगों में यह प्रवृत्ति पाई जाती है कि जिस कार्यक्षेत्र या जिस संदर्भ में कार्य कर रहे हैं, उनमें कार्य करने से वे कतराने लगते हैं। मान लीजिए जिस कार्य में आपसे गलती हुई, उसे आपने छोड़ दिया और किसी दूसरे कार्य में संलग्न हो गए, तो इस बात की क्या गारंटी है कि दूसरे कार्यक्षेत्र में आपसे गलती नहीं होगी? इस संदर्भ में टेलिविजन के आविष्कारक स्कॉटलैंड के जॉन लॉगी बेयर्ड का जिक्र करना मुनासिब होगा। टेलिविजन आविष्कार की महत्वाकांक्षी योजना पर काम करते समय उन्होंने दिन-रात की परवाह नहीं की और वह बीमार हो गए। परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों ने सलाह दी कि स्वास्थ्य और करियर को देखते हुए उन्हें टीवी से जुड़ा प्रॉजेक्ट बंद कर किसी और क्षेत्र में ध्यान लगाना चाहिए। इस पर बेयर्ड ने कहा कि क्या गारंटी है कि किसी दूसरे क्षेत्र में गलतियां नहीं करूंगा? कहने की जरूरत नहीं कि वह अपने काम में लगे रहे और अंततः टेलिविजन (जिसे वह दि टेलिवाइजर कहते थे) का ईजाद करने में सफलता पाई। अमेरिका के महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन को विद्युत बल्व की खोज में वांछित सफलता नहीं मिल रही थी। झुंझलाकर उन्होंने अपनी खोज को समाप्त करने का मन बना लिया। मगर उनके एक मित्र ने सलाह दी कि अपने इस प्रयोग को जारी रखें। दोस्त ने कहा, 'बस यूं समझ लीजिए कि कुछ कमियां हैं जिन्हें आपको धैर्यपूर्वक दूर करने का प्रयास करना है।' सचमुच थोड़े समय बाद ही थॉमस अल्वा एडिसन विद्युत बल्ब का आविष्कार करने में सफल रहे। स्पष्ट है कि गलतियों से सबक लेने वाले लोगों को आखिरकार अपने कार्यक्षेत्र में सफलता मिलती है। इस संदर्भ में विश्वविख्यात लेखक स्वेट मर्डेन का कहना है, जो लोग किसी भी क्षेत्र में अपनी गलतियों को दोहराते रहते हैं, वे अपना ही नुकसान करते हैं, उनकी सुख- शांति छिन जाती है, कामयाबी उनसे दूर होती जाती है और दूसरों की नजरों में उनकी साख कम हो जाती है।




# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** यात्रा लाभकारी रहेगी। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृषभ :** कार्यों में आ रही अड़चने समाप्त होगी। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। कार्यस्थल पर आपकी उपस्थिति प्रभावी रहेगी।

**मिथुन :** समय पक्ष का है। भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। नए संपर्क बनेंगे।

**कर्क :** समय विपरीत है। नया काम हाथ में लेने से बचें। खान-पान में सावधानी बरतें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**सिंह :** विपरीत लिंग की तरफ आकर्षित होंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। व्यापारिक सौदे लाभकारी रहेंगे।

**कन्या :** विवादास्पद मामले परेशान करेंगे। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। तनाव के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**तुला :** विद्यार्थियों को मनचाहे परिणाम प्राप्त होंगे। आत्म प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के भाग्योदय से प्रसन्नता मिलेगी।

**वृश्चिक :** वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। लोगों का विरोध झेलना पड़ेगा। शराब के सेवन से परहेज करें। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।

**धनु :** उपलब्धियां परिवार के साथ बांटकर खुशी होगी। अधिकारियों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**मकर :** महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे। परिवार का साथ खुशी देगा। आर्थिक लाभ होगा।

**कुंभ :** पुरानी बातें भूलाकर नई शुरूआत करेंगे। व्यक्तिगत संबंधों में मधुरता बढ़ने से खुशी होगी। भावनाओं पर काबू रखें।

**मीन :** क्रय-विक्रय के कार्य से जुड़े लोग सावधानी रखें। आंखों व पैरों पर चोट लगने की संभावना। खर्च की अधिकता परेशान करेगी। सूर्य को जल दें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने वाले, स्वयं को खो देते हैं, इसलिए अपने मार्ग को अपने दीप से प्रकाशित करो

-पाठकपक्ष डेस्क-



सारी शिक्षा का मूल उद्देश्य मनुष्य को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वह अपना सर्वोत्तम विकास कर सकें। सच्चा साथी वह है जो हमें अपने पर निर्भर नहीं बनाता अपितु अपने पांवों पर खड़ा हो स्वयं चलने की प्रेरणा भी देता है। प्राचीन कहावत भी है कि रोज किसी को एक मछली पकड़ कर देने से कहीं बेहतर है कि उसे मछली पकड़ना सिखाया जाएं। अक्सर करके मात-पिता अपने बच्चों को कष्ट और तकलीफ से बचाने के लिए स्वयं उन्हें सब करके देते हैं, उनके सारे निर्णय स्वयं लेते हैं, ऐसे में न तो बच्चे सच्ची स्वतंत्रता का आनंद लें पाते हैं और न ही उनमें सामर्थ्य और निर्भयता आती है। हर व्यक्ति इस दुनिया में अपने आप में विशिष्ट और यूनिक है, जो रास्ता बाप के लिए सही है जरुरी नहीं है कि वही रास्ता बेटे के लिए भी सही हो। हर एक की अपनी पृथक हस्ती है और प्रकृति ने हर एक को अलग बनाया है। सच्चा शिक्षक अपने शिष्य को रेडिमेड सालयुशन नहीं अपितु उसके अंदर स्वतंत्र चिंतन और समस्या को अपने ढंग से देखने और उसे हल करने की क्षमता विकसित करने पर जोर देता है। महात्मा बुद्ध ने भी इस दुनिया से जाते समय अपने शिष्य आनंद को 'आत्म दीपो भव' का उपदेश दिया। उपनिषदों में भी इसी तरह का एक प्रसंग आता है जिसमें कहा गया कि अपना मार्ग अपने ही दीपक से स्वयं प्रकाशित करो। वर्षों तक गुरु के पास रह कर शिक्षा पाकर जब शिष्य अपने घर जाने लगा तो उसने गुरु से पूछा कि आप मेरे आगे के जीवन के लिए कुछ मार्ग दर्शन करें। गुरु ने शिष्य के हाथ में एक जलता हुआ दीपक दिया और स्वयं आगे आगे चलने लगे और गुरुकुल के मुख्य द्वार तक चलते रहे। उसके बाद शिष्य से कहा, 'अब आगे मैं नहीं चलूंगा, तुम अपना मार्ग स्वयं खोजों।' शिष्य ने झुक कर गुरु को प्रणाम किया और जैसे ही आगे बढ़ने को उद्धत हुआ, उसी समय गुरु ने फूंक मारकर दीपक बुझा दिया। शिष्य विस्मित हो गया और बोला,÷गुरुदेव न आप साथ चल रहे हैं, न आप आगे का मार्ग दर्शन के लिए कुछ बता रहे हैं, अपना पथ मैं स्वयं देखूं, इसके लिए जो दीपक मेरे साथ था, उसे भी आप ने बुझा दिया, मैं अब क्या करूं? 'गुरु मुस्कुरा कर बोले, 'पुत्र!, डरो मत, मैं तुम्हें आत्म निर्भर देखना चाहता हूं, यह जो दीपक तुम्हारे पास था, तुम्हारा जलाया हुआ नहीं था, तुम स्वयं पुरुषार्थ करो, स्वयं प्रकाश पाओ,अपना दीपक हाथ में लेकर अपना पथ प्रशस्त करो।' स्वतंत्र चिंतन ही आत्म विश्वास पैदा करता है और जीवन में कुछ कर गुजरने का जज्बा भी देता है।

-डॉ. कमलेश कली

# कर्म का मर्म

## महात्मा बुद्ध ने बताया जीवन का रहस्य

आनंद महात्मा बुद्ध के सबसे प्रिय शिष्यों में थे। एक बार वह श्रावस्ती में विपश्यना कर रहे थे। शाम का समय था, उनका ध्यान पास ही खिले फूलों की ओर गया। वह सुगंध के विषय में चिंतन करने लगे, 'इन फूलों की सुगंध कितनी अच्छी है! लेकिन सारी सुगंध तो उसी दिशा में जा रही है, जिस ओर हवा बह रही है। फूलों की सुगंध तो चारों ओर फैलनी चाहिए। ऐसा क्यों है कि उनकी सुगंध सभी दिशाओं में न फैलकर सिर्फ हवा की दिशा में ही फैल रही है?' उन्हें याद आया कि बुद्ध ने तीन प्रकार की उत्तम गंध की चर्चा की है, मूलगंध, सारगंध और पुष्पगंध। क्या कोई ऐसी सुगंध हो सकती है जो हवा के विपरीत दिशा में भी फैले? यही सब सोचते हुए आनंद बुद्ध के के पास गए। उन्होंने बुद्ध को प्रणाम किया और बोले, 'भंते! क्या कोई ऐसी सुगंध भी है जो अनुकूल-प्रतिकूल दोनों दिशाओं में जाती हो?' महात्मा बुद्ध ने आनंद को स्पष्ट करते हुए कहा, 'आनंद! इन तीनों गंधों से परे भी एक गंध है जिसे शीलगंध कहते हैं। जो व्यक्ति बुद्ध, धर्म और संघ के त्रिरत्नों की शरण में जाता है और शिक्षा को जीवन में उतारता है उसमें यह होती है।' बुद्ध बोले, 'जो हिंसा, चोरी, कामभोग, झूठ और नशे से दूर रहता है, वही शीलवान की तरह जीवन जीता है। जो दुर्गुण और नीच विचारों से आजाद होकर गृहस्थ धर्म का पालन करता है, खुले हाथ से दान देता है, सभी इंद्रियों पर संयम रखता है, त्याग को जीवन में उचित महत्व देता है और योग में निष्ठावान होकर रहता है, उसी व्यक्ति में शीलगंध पाई जाती है। ऐसे व्यक्ति की सुगंध चारों तरफ फैलती है, लोग उसका सम्मान करते हैं।' अब बोलने की बारी आनंद की थी, वह बोले, 'और भंते, यह संसार इसी गंध से ही तो आगे बढ़ रहा है।'



# जहाजपुल गवर्नमेंट स्कूल ने जिला स्तर पर नृत्य में प्रथम स्थान हासिल किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** नगर के जहाज पुल स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जहाजपुल की छात्राओं ने लोक नृत्य में लड़का और लड़की के लिए समान अवसर पर आधारित प्रस्तुति दी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मात्रशाम, हिसार में एक बार फिर से जिला स्तर पर नृत्य में प्रथम स्थान हासिल कर अपना परचम लहराया है। यह कार्यक्रम सामाजिक कुरीतियों एवं किशोरावस्था की समस्याओं एवं चुनौतियों से अवगत कराता हुआ भूमिका निर्वाहन एवं लोक नृत्य पर आधारित था। इस कार्यक्रम में प्राचार्य सतेन्द्र सिंह ने अपने विद्यालय के थिएटर अध्यापक सौरभ गौतम, संगीत अध्यापक जितेंद्र बजाज एवं विकास वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्राचार्य और समस्त अध्यापकों ने बताया हमें अपने अध्यापकों पर बहुत गर्व एवं खुशी है, जब उनकी यह मेहनत रंग लाती है। अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मंत्री कमल गुप्ता के आवास पर विकलांगों का हल्ला बोल प्रदर्शन

## विकलांगों द्वारा पड़ाव की धमकी देने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी पहुंची धरने पर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** विकलांग कर्मचारी सहदेव को नौकरी से हटाने और 21 महीने का बकाया वेतन को लेकर विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की हिसार शहर ब्लॉक कमेटी के बैनर तले गत दिवस केबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के आवास पर विकलांगों ने जोरदार हल्ला बोल धरना-प्रदर्शन किया गया। मधुबन पार्क में विकलांग एकत्रित होकर रोजी-रोटी दे ना सके, वह सरकार निकम्मी है, भीख नहीं रोजगार चाहिए के नारे लगाते हुए डॉक्टर कमल गुप्ता के आवास पर पहुंचे। धरने की संयुक्त अध्यक्षता कृष्ण गुरी, सहदेव और संचालक संदीप पटेल नगर ने किया। धरने को संबोधित करते हुए ऋषिकेश राजली, राज्य महासचिव, विकलांग अधिकार मंच हरियाणा, महिला नेता शकुंतला जाखड़, गोलू डाटा जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, किसान नेता कृष्ण सिंह पाली, कर्मचारी नेता चंदगी राम रिटायर्ड कर्मचारी संघ, का. सुरेश शास्त्री नगर सीपीएम पार्टी, कृष्ण गुरी जिला प्रधान, मैडम पंकज शर्मा, सुशील मिल गेट, गजेसिंह 12 क्वार्टर, महावीर कुलेरी अग्रोहा ब्लॉक प्रधान, सुभाष नंगथला ब्लॉक सचिव अग्रोहा, कृष्ण कांत, मनोज ठाकुर ब्लॉक प्रधान हांसी ने संबोधित किया और अपना समर्थन दिया। प्रेस को जारी बयान में जिला सचिव संदीप पटेल नगर ने बताया कि विकलांग कर्मचारी सहदेव को नौकरी पर बहाल करने और 21 महीने का वेतन न मिलने को लेकर आज हमने डॉ. कमल गुप्ता के आवास पर धरना प्रदर्शन किया, जब ठोस आश्वासन नहीं मिला तो हमने यहां पर पड़ाव डालने की घोषणा कर दी। विकलांगों के इस ऐलान के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी मैडम दीपिका स्वयं धरने पर पहुंची और 3 दिसंबर से पहले समस्या हल करने का पूरा आश्वासन दिया है। उन्होंने विकलांगों को आश्वासन दिया है कि इस काम के लिए दोबारा यहां आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। महासचिव ऋषिकेश राजली ने सरकार को चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि विकलांग कर्मचारी सहदेव को अकेला न समझे, विकलांग अधिकार मंच उसके साथ खड़ा है। मैडम दीपिका जिला समाज कल्याण अधिकारी को 3 दिसंबर तक का समय देते हैं, यदि हमारी इस समस्या को हल नहीं किया तो फिर हम दोबारा विभिन्न जन संगठनों के साथ डॉ. कमल गुप्ता के आवास पर डेरा डालो घेरा डालो शुरु कर देंगे।

# हरियाणा कुरुक्षेत्र गौशाला में धूमधाम से मनाई गोपाष्टमी, श्याम महोत्सव में झूमे श्रद्धालु



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** दिल्ली बाई पास रोड स्थित श्रीहरियाणा कुरुक्षेत्र गौशाला में खाटू दर्शन सेवा समिति के सहयोग से आज दोपहर गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए गौशाला के मुख्य सेवादार सत्यप्रकाश राजलीवाला, विनोद गुप्ता, प्रवीन गर्ग झंडू ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में उद्योगपति विजय कौशिक ने भाग लिया। अध्यक्षता उद्योगपति विनोद गर्ग ने की। दोनों अतिथियों व आये हुए लोगों ने गौमाता की पूजा-अर्चना की। श्याम महोत्सव में ज्योत सेवा आर.के.जांगड़ा ने दी। समाजसेवी अंशुल गोयल के अलावा साहिल राखा ने दरबार सेवा संभाली। भजन गायक सोनू गांधी, सुमित मित्तल, प्रवीन अग्रवाल, संजय सिंगला, केशव गर्ग, दीपिका सिंगल, किशोरी पलक, भूमिका पाहुजा, रिद्धि शर्मा ने श्याम बाबा व गऊ माता की महिमा का गुणगान किया। भजनों पर श्रद्धालु घंटों तक झूमते रहे। मंच संचालन सोनू सिंगला ने किया। श्याम महोत्सव के दौरान भंडारा चलाया गया। सभी गौभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवादार विनोद गुप्ता ने बताया कि हिसार शहर व आसपास के क्षेत्रों से सैंकड़ों लोगों ने गौशाला पहुंचकर गौसेवा की। इस अवसर पर पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, सत्यप्रकाश राजलीवाला, प्रवीन गर्ग झंडू ब्रह्मानंद महिपाल, मोहित जैन, मनोज गर्ग, बनारसी दास, राजू ऐलावादी, राजन गुप्ता, भारती गुप्ता, सीमा राजलीवाला, रेनू गर्ग, कुसुम गर्ग, राधिका, निर्मला सोनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्री तिरुपति बालाजी धाम में धूमधाम से निकली भगवान तिरुपति की सवारी शोभा यात्रा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** श्री तिरुपति बालाजी धाम में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एवं अत्यंत आकर्षक रथ पर भगवान तिरुपति बालाजी जी की सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। विद्वान अर्चकों ने पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ भगवान तिरुपति के साथ माता को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया और फिर पूजा-अर्चना के साथ सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकली। सवारी व शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के जयघोष करते रहे।

DHANWANTARI Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND & Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road, Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में कार्यशाला आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ मांगे राम की अध्यक्षता में सोमवार को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम के संबंध में अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों को किशोर न्याय अधिनियम में बच्चों के प्रकरण में पालन की जाने वाली प्रक्रिया, पुलिस व्यवहार आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यशाला में जेजे एक्ट-2015 के संशोधन, पॉक्सो-एक्ट, सीएनसीपी के मामले, बाल-विवाह, बाल-मजदूरी, बाल तस्करी, यौन शोषण, बाल अपराध आदि संवेदनशील मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा बच्चों के संरक्षण से जुड़े अधिनियम के तहत किशोर अपराधियों को चिकित्सा सुविधा और कानूनी सहायता प्रदान करते हुए जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, आश्रय व परिवार में उनको स्थापित करने हेतु विभिन्न विषयों बारे बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों को संरक्षण वाले बच्चों व विधि से संघर्षरत बच्चों की काउंसलिंग तकनीकों के बारे भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के नियमों जिसमें अनाथ बच्चों को गोद लेने संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ मांगे राम ने बताया कि 16 से 18 वर्ष के अपराध में संलिप्त बच्चों को मानसिकता स्तर के आधार पर युवाओं के बराबर माना जाएगा। 18 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी भी फैक्ट्री, संस्थान या कंपनी व घरेलू कार्यों में शामिल करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर सजा का प्रावधान है। कार्यशाला में हरियाणा बाल संरक्षण आयोग की सदस्या मीना, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ नीना वर्मा, अधिवक्ता पवन व विक्रम, बबीता चौधरी आदि उपस्थित थे।

# किसान सभा द्वारा राज भवन पर तीन दिवसीय प्रदर्शन की तैयारियां जोरों पर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** संयुक्त किसान मार्चे के आह्वान पर राज भवन, पंचकुला पर 26 से 28 नवम्बर तक किये जाने वाले विशाल प्रदर्शन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार के नेतृत्व में किसान सभा की टीम गांव-गांव जाकर बैठकें करके प्रदर्शन के बारे में किसानों को अवगत करा रही हैं। हिसार तहसील के प्रत्येक गांव से किसान ट्रेक्टर-ट्रालियां लेकर तीन दिनों तक राज भवन का घेराव करेंगे। एमएसपी की गारंटी को लेकर, लखीमपुर खिरी में किसानों पर झूठे मुकदमें व हत्यारों को बाहर छोड़ना, पीड़ित किसानों को न्याय दिलवाने के लिये बिजली विधेयक 2020 वापिस लेने, किसानों की कर्जा मुक्ति, बीमा कम्पनियों की लूट से छुटकारा दिलाने आदि मांगों को लेकर किसान तीन दिनों के लिये महापड़ाव करेंगे जिसमें किसान सैंकड़ों ट्रालियों के साथ पंचकुला पहुंचेंगे। आज के अभियान में किसानों की टीम में तहसील प्रधान सूबेसिंह बूरा, तहसील सचिव रमेश मिरकां, मुख्य सलाहकार ईश्वर ग्रेवाल, सतपाल शर्मा, नरेन्द्र पूनिया, राजा सिंगला, कृष्ण सिंगला डाबड़ा, सुरजीत प्रधान, बबलू देवेन्दा, छोटू पोटलिया, कृष्ण ज्याणी आदि शामिल रहे। किसानों की टीम ने गांव डाबड़ा, मिरकां, लाडवा, सातरोड़ आदि गांवों का दौरा किया। जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार ने कहा कि 72 घंटे के इस महापड़ाव कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। पंचकुला जाते समय किसानों को रोकने का प्रयास किया गया तो किसान उसी स्थान पर पड़ाव डाल देंगे।

# प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में गोपाष्टमी पर पूजा, हवन व भंडारे में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** गोपाष्टमी के अवसर पर प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में विशेष पूजा व हवन किया गया। इसके उपरांत मंदिर परिसर में अटूट भंडारा लगाया गया। हवन, पूजा व भंडारे में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग व बिजेंद्र किनाला ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी व अष्टमी के अवसर पर मंदिर व श्री पंचग्रामी समाध बाबा पृथ्वीनाथ गोशाला में गोपाष्टमी धूमधाम से मनाई गई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर दिलबाग सिंह कुंडू गोशाला प्रधान, उग्रसेन गोशाला कैशियर, सुनील तायल, राजू फौजी, शमशेर सिंह खैरी, महासिंह कुंडू, मुकेश कंडूल, रमेश कंडूल व मोतीराम खैरी सहित काफी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि श्री पंचग्रामी समाध बाबा पृथ्वीनाथ गोशाला पाबड़ा में 1600 से अधिक गाय हैं। काफी वर्षो से गोशाला में विभिन्न प्रकार की खाद भी तैयार की जाती हैं। पंचग्राम के निवासी गोशाला में हर तरह से सहयोग देते हैं। गोपाष्टमी के अवसर रविंद्र कुंडू पाबड़ा ने गोशाला में एक लाख रुपये का दान देकर विशेष सहयोग किया।

# मंडल रोजगार कार्यालय में जॉब फेयर का आयोजन 23 नवंबर को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** मॉडल करियर सेंटर कम मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा 23 नवंबर को जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 8 से 10 कंपनियां भाग ले रही हैं। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि निजी क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक प्रार्थी जॉब फेयर में हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए वे अपने रोजगार पंजीकरण कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो व अन्य सभी जरूरी दस्तावेजों सहित 23 नवंबर को प्रातः 10 बजे लघु सचिवालय स्थित रोजगार कार्यालय में पहुंचना सुनिश्चित करें।

# एचटीएम कॉलोनी में मौहल्ला मिलन जनसम्पर्क अभियान को सम्पत सिंह ने किया सम्बोधित

## कहा- किसानों को समय पर डीएपी व यूरिया उपलब्ध नहीं करवा पा रही सरकार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की दुश्मन है। भाजपा सरकार ने पहले तो खाद के दाम दोगुने कर दिए और साथ में खाद के कट्टे का वजन 50 किलो से 45 किलो कर दिया। अब रबी की फसलों की बिजाई लगभग पूरी होने वाली है लेकिन यह बिजाई ब्लैक में डीएपी खाद के साथ हुई है। अब बिजाई का आखिरी सप्ताह बाकी रहने पर इसी हफते खाद के रैक आए है। किसान डीएपी व यूरीया खाद लेने के लिए मारे मारे फिरते है और कई घंटे लाईन में खड़ा रहना पड़ता है। लम्बे इंतजार के बाद भी खाद का कट्टा उसे ब्लैक में लेना पड़ रहा है। डीलर खाद के कट्टे के साथ टैगिंग करते हुए नैनो यूरिया, सल्फर, जिंक, सागरीका, खल व चूरी के कट्टे तथा अन्य दवाईयां जबरदस्ती किसानों पर थोंप रहे है। उन्होंने उपरोक्त बातें आजाद नगर, एचटीएम कॉलोनी में मौहल्ला



मिलन जनसम्पर्क अभियान को सम्बोधित करते हुए कहीं। जिसका आयोजन रणबीर तरड़ ने कॉलोनी वासियों के सहयोग से किया था। उन्होंने कहा कि खरीफ की फसलें विशेषकर नरमा, कपास बीमारी की वजह से लगभग खराब हो गई थी। सरकार को इस खरीफ की फसल के घाटे की भरपाई के लिए किसानों को फसल खराबा मुआवजा तुरंत देना चाहिए। किसान आंदोलन के समय माफी मांगकर किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य के वायदें को भी भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों चैधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिन का किसान मेले का आयोजन किया था। यह कार्यक्रम किसान हित न होकर राजनीतिक मंच बन गया था। जिसकी वजह से देशभर से आए किसानों को मेले में धक्के खाकर बिना बीज के वापिस घर लौटना पड़ा।

# हकृवि के 10 विद्यार्थी पौलेंड के वारसॉ विश्वविद्यालय में जाकर लेंगे प्रशिक्षण

## विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को दी बधाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का पौलेंड के वारसॉ विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। ये विद्यार्थी उपरोक्त विश्वविद्यालय में कृषि, गृह विज्ञान और मत्स्य विज्ञान के क्षेत्रों में नवीन प्रौद्योगिकियों, नवाचारों आदि बारे व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने पौलेंड में प्रशिक्षण हेतु चयनित उपरोक्त विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय में शिक्षा व शोध में अपनाए जा रहे उच्च मानकों का परिणाम है। अब तक इस विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी उच्च शिक्षा व प्रशिक्षणों के लिए विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में जा चुके हैं। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने बताया कि उपरोक्त विद्यार्थियों का चयन




राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी-आईडीपी) के तहत अंतर्राष्ट्रीय संगठन में छात्र विकास कार्यक्रम की प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षा और साक्षात्कार आधार पर हुआ है। उन्होंने बताया कि हकृवि की ओर से प्रशिक्षण अवधि के दौरान विजा, आने जाने का किराया, मेडिकल इंश्योरंस आदि के लिए भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन चयनित विद्यार्थियों में कृषि महाविद्यालय, हिसार के तृतीय वर्ष के छात्र सुशांत नागपाल, चतुर्थ वर्ष की छात्रा निधि व विशाल, कृषि महाविद्यालय, बावल से मुनीश व नैनसी, कृषि महाविद्यालय कौल से हरितिमा व अंजू, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से ममता व मुस्कान और मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से अमित शामिल हैं। इस अवसर पर चयनित विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में चलाई जा रही आईडीपी परियोजना के प्रमुख अन्वेषक व स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी शर्मा व अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक डॉ. अनुज राणा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की निदेशक डॉ. मंजु मेहता, अंतर्राष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा कवात्रा व मीडिया एडवाइज़र डॉ. संदीप आर्य उपस्थित रहे।

# जीजेयू में शैक्षणिक परिषद् की 61वीं बैठक सम्पन्न, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार की शैक्षणिक परिषद् की 61वीं बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। बैठक का संचालन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए इस बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विश्वविद्यालय द्वारा इस सत्र से कई रोजगारपरक कोर्स आरंभ किए गए हैं। ये कोर्स समय की मांग हैं। साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक परिवर्तन किए जा रहे हैं। इससे संबंधित भी बैठक में निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि समय की मांग और वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए विश्वविद्यालय कोर्सों की स्कीम व सिलेबस में आवश्यकतानुसार



बदलाव कर रहा है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने बताया कि बैठक में नए अंडरग्रेजुएट कोर्सिज का नई शिक्षा नीति के तहत स्कीम व सिलेबस में बदलाव को मंजूरी दी गई। इनमें इंटेग्रेटिड बीएससी कैमिस्ट्री (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी कैमिस्ट्री, इंटेग्रेटिड बीएससी फिजिक्स (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी फिजिक्स, इंटेग्रेटिड बीएससी मैथेमेटिक्स (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी मैथेमेटिक्स, इत्यादि शामिल हैं। बैठक में दो विभागों के नाम बदलने की मंजूरी दी गई है। डिपार्टमैंट ऑफ डाटा साईंस विभाग का नाम अब डिपार्टमैंट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साईंस तथा डिपार्टमैंट ऑफ लाइब्रेरी साईंस का नाम अब डिपार्टमैंट ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफोर्मेशन साईंस रखा गया है। बैठक में दूरस्थ शिक्षा के तहत डिप्लोमा इन कंप्यूटर साईंस, डिप्लोमा इन सोलिड हजार्डस वेस्ट मैनेजमेंट तथा डिप्लोमा इन फूड क्वालिटी एश्योरेंस संचालित करने की स्वीकृति दी गई है। विभिन्न विषयों में पीएचडी पंजीकरण एवं डिग्री अवार्ड करने की भी मंजूरी दी गई है।

# आज दिल जीते हैं, कल फिर कप जीतेंगे

**जन्म मरण के चक्र-सी है, हार जीत लग रही।**
**लड़े-भिड़े शौर्य से, आज नहीं तो कल सही।।**






कप जितने से बड़ी बात दिल जीतना होता है। क्रिकेट खत्म नही हो गया। 46 दिन में 45 दिन आप जीते हो। हमारी भारतीय टीम ने 2023 वर्ल्ड कप के अंदर 10 मैच जीते और आज फाइनल हारने पर 140 करोड़ हिंदुस्तानियों का दिल टूटा है। ऐसे हम दो कप जीत चुके। 2027 में फिर मेहनत करेंगे और हम जीतेंगे। हार जीत तो लगी रहती है। लेकिन पूरे वर्ल्ड कप में इण्डियन टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। फाइनल में हम नहीं जीत पाये कोई बात नहीं। फिर आगे जीतेंगे। मोहब्बत तुम्हारे लिए नीली टी-शर्ट वाले लड़को। ये दिल हर बार ब्लू-ब्वायज़ के लिए ही धड़केगा। निरंतर बेहतरीन खेल दिखाने वाली हमारी भारत टीम को ढेरों बधाइयाँ। आपने लगातार शानदार खेल खेलकर उत्साह और उमंग के साथ भारत को आगे बढ़ाया। हम अपने खिलाड़ियों को रोते हुए नहीं देख सकते। रोकें ये आंसू। खेल में एक टीम जीतती है, दूसरी हारती है। आज भारतीय टीम का दिन नहीं था। कल हमारा दिन फिर से लौटेगा। आज हारे तो क्या हुआ? हारा तो पिछली बार ऑस्ट्रेलिया भी था। फिर आने वाले वर्ल्ड कप में हम अच्छी तैयारी करेंगे। सिर्फ एक हार से अब ठान लो, आगे अब हर बार इसका इंतकाम लेंगे। यह शिकस्त बहुत कुछ सीखा गई। धीरज रखो, हमारी टीम बहुत बहादुर है। आप प्रण करो अब हम किसी से किसी भी कीमत पर निपट लेंगे। कल फिर जीतेंगे।



-सत्यवान 'सौरभ'

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

सफलता सार्वजनिक उत्सव है, जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक। यह बात थॉमस जेफरसन ने लिखी थी। इसलिए कैप्टन आंसू नहीं, यह जज़्बात है, निकल जाने दीजिए, बह जाने दीजिए, उस कश्मकश को, कई वर्षों तक आपको और मुझे टीसती रहेगी, सुना है साथ में रोना, दिल को हल्के करने जैसा होता है, लेकिन याद रखना, पूरा देश आपके साथ है, करोड़ों हाथो की दुआएं, आपके साथ रहेंगी, लेकिन यह सच है, पराजय में जय छुपी हुई है, जितना खेले शानदार खेले, फाइनल का दिन, सबके लिए बुरा था। बहुत बुरा लेकिन याद रखना कल फिर सुबह होगी। एक नई सुबह, नई रोशनियां। हम सबका फिर से इंतजार करेंगी। कुछ देर बाद फिर उम्मीदें लगाई जाएंगी, फिर तालिया बजेंगी, शोर होगा, यह तो धर्म है। यही खेल है। क्रिकेट भी वही, जिसका दिन अच्छा, उसकी जीत। जिसका दिन बुरा उसकी पराजय। फिर एक दिन आएगा, जब हम जीतेंगे।

कप जितने से बड़ी बात दिल जीतना होता है। क्रिकेट खत्म नही हो गया। 46 दिन में 45 दिन आप जीते हो। हमारी भारतीय टीम ने 2023 वर्ल्ड कप के अंदर 10 मैच जीते और आज फाइनल हारने पर 140 करोड़ हिंदुस्तानियों का दिल टूटा है। ऐसे हम दो कप जीत चुके। 2027 में फिर मेहनत करेंगे और हम जीतेंगे। मैच से पूर्व हमारे कप्तान साहब ने कांफ्रेंस में कहा था की एक गलती हमें भारी पड़ सकती है और फाइनल में गलती करी शुभमन गिल ने और दूसरी गलती श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव ने। आज हारे तो क्या हुआ? हारा तो पिछली बार ऑस्ट्रेलिया भी था। फिर भी आने वाले वर्ल्ड कप में अच्छी हम तैयारी करेंगे। सिर्फ एक हार से अब ठान लो। आगे अब हर बार इसका इंतकाम लेंगे। टीम में दो तीन ऑलराउंडर रखो। अपनी मनोस्थिति पर और दबाव पर काबू रखना सीखो। भौकाल से बचो। इस दर्द ने 20 साल पुराना जख्म कुरेद तो दिया लेकिन यह शिकस्त बहुत कुछ सीखा गई। धीरज रखो, हमारी टीम बहुत बहादुर है। आप प्रण करो अब हम किसी से किसी भी कीमत पर निपट लेंगे। कल फिर जीतेंगे।

हार जीत तो लगी रहती है। लेकिन पूरे वर्ल्ड कप में इण्डियन टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। फाइनल में हम नहीं जीत पाये कोई बात नहीं। फिर आगे जीतेंगे।। **मोहब्बत तुम्हारे लिए नीली टी-शर्ट वाले लड़कों। ये दिल हर बार ब्लू-ब्वायज़ के लिए ही धड़केगा।** सेमीफाइनल तक भारत का हुआ बहुत नाम लेकिन क्या ये सही हैं कि हार गये है फाइनल, चलो करते हैं बदनाम। सुख के ही साथी बनना सही नहीं हैं। कभी कोई टीम को कोस रहा है, कभी कोई स्टेडियम मे पहुंचे मेहमानो को। सच्चे भारतीय हो तो कोसना बंद करो और अपने देश और टीम के साथ खडे रहो। फाइनल हार गये। इस बात का दुख पूरे देश को है। लेकिन उससे भी कहीं ज्यादा दुख हुआ हमें अपने खिलाडियों को रोते हुवे देख कर। हार जीत तो मुकद्दर की बात है। होती रहती है। कोई हारता है तो कोई जीतता है। इसमें आप अपना दिल छोटा मत करिये। निराश मत होइए। देश हर हाल में आपके साथ है। देश जीत में भी साथ था, हार में भी साथ है। आप देश की आन-बान-शान हो। देश को आप पर गर्व है। सभी प्लेयर बहुत अच्छा खेले। पिछले सारे मैच में बहुत शानदार सफर तय किया है। आपका ये उम्दा प्रदर्शन क्रिकेट जगत के सुनहरे पन्नों में हमेशा दर्ज रहेगा। आप मैच हारे हैँ, हिम्मत मत हारना। हम वक्त का इंतज़ार करेंगे। अगली बार वर्ल्ड कप ज़रूर जीतेंगे। सच में-

**क्या हार में, क्या जीत में,**
**किंचित नहीं भयभीत मैं।**
**संघर्ष पथ पर जो मिले यह**
**भी सही वह भी सही।।**
**कभी 'मंज़िल' रह जाती है**
**दूर बस एक क़दम।**
**पर शिखर तक पहुँचना भी**
**कहाँ होता है कम।।**

सबसे बड़ी जीत खेल भावना की होती है। निरंतर बेहतरीन खेल दिखाने वाली हमारी भारत की टीम को ढेरों बधाइयाँ। आपने लगातार भारत को शानदार खेल खेलकर उत्साह और उमंग के साथ आगे बढ़ाया। हम अपने खिलाड़ियों को रोते हुए नहीं देख सकते। रोकें ये आंसू। खेल में एक टीम जीतती है, दूसरी हारती है। आज भारतीय टीम का दिन नहीं था। कल हमारा दिन फिर से लौटेगा। क्या हुआ जो एक मैच हार गए। अभी सब कुछ नहीं हारे हैं, विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम का अभूतपूर्व प्रदर्शन, इच्छा शक्ति, खेल का जुनून और जज़्बा आगे कायम रहना चाहिए। शर्मा जी के नेतृत्व में अगली बार दुनिया जीतेंगे। हार-जीत खेल का हिस्सा है। मायने ये रखता है कि आपने अपने हिस्से का खेल पूरे दिल से खेला या नहीं। अब जब टीम हार गई है तो लोग ट्रोल करने लगे हैं और आगे भी करेंगे लेकिन मुझे पता है खिलाड़ियों पर क्या गुज़र रही होगी। खोट निकालेंगे खेल में लेकिन मेरा दिल पसीज रहा है, ये सब देखकर। दुआ है सभी प्यारे नीली टी-शर्ट वालों के लिए, आपके इस वर्ल्ड-कप के सफ़र को दुनिया याद रखेगी। आज नहीं, हम कल जीतेंगे, विश्व विजेता बनेंगे, हम इण्डियन टीम के साथ हैं। जिस टीम का सब कुछ अच्छा हो और हार जाये ऐसा केवल खेल मे होता है। टीम इंडिया फाइनल हांरी है टीम मजबूत नहीं रहती तो फाइनल मे नहीं पहुंचती। दिल दुखी है लेकिन हौसला मजबूत है। इस समय पूरे देश को इन खिलाड़ियों का साथ देना चाहिए। तभी मन को सहारा मिलेगा। क्रिकेट विश्व कप-2023 में अपने शानदार प्रदर्शन से आप सभी ने करोड़ों खेल प्रेमियों का दिल जीता है। आज हारे कल फिर जीतेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम पर पूरे देश को गर्व है।

# मंडलायुक्त गीता भारती ने मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचन एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** मंडलायुक्त गीता भारती ने सोमवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचन अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक की। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2024 को आधार तिथि मानकर 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के पात्र एवं योग्य व्यक्तियों के नये वोट बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के शिक्षण संस्थानों में वोट की महत्ता बारे शिविर आयोजित करके विद्यार्थियों को वोट बनवाने बारे प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों, सुपरवाइजर तथा बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों को समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्वयं जाकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें और जहां भी कोई कमी है उसे तुरंत दुरूस्त करवाना सुनिश्चित किया जाए। मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, शैड सहित मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण



किए जाएं। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि महिला मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर प्रत्येक घर में वोट बनवाने का प्रचार करें और उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतदाता सूची शुद्ध व त्रुटि रहित तैयार हो, इसलिये सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के हर मतदान केन्द्र पर अपने दल का एक-एक बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करे। बूथ लेवल एजेंट, मतदान स्तर अधिकारी से मिल कर मतदाता सूची में दर्ज अपात्र व मृतक मतदाताओं का नाम हटवाने, जेंडर आधारित वोटर लिस्ट अपडेट करने, पात्र व्यक्तियों के नाम दर्ज करवाने, अशुद्ध दर्ज विवरणों को शुद्ध करवाने में आवश्यक सहयोग करे ताकि शुद्ध, स्वच्छ मतदाता सूची तैयार हो सके। सभी राजनीतिक दल व उनके प्रतिनिधि बूथ लेवल एजेंटों की सूची समय रहते जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करवाए। उन्होंने बताया कि 25 व 26 नवंबर को विशेष तिथियां निर्धारित कर बीएलओ द्वारा पात्र नागरिकों के वोट बनवाने सहित वोट काटने, वोट में शुद्धि इत्यादि का कार्य किया जाएगा। इन तिथियों में बीएलओ सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक अपने-अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर फार्म भरवाएंगे। 5 जनवरी, 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, ओएसडी शालिनी चेतल, एसीयूटी अर्पित सांगल, हिसार के एसडीएम जयवीर यादव, नारनौंद के एसडीएम विकास यादव, हांसी के एसडीएम मोहित महराणा, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा, चुनाव तहसीलदार जगदीप सिंह सहित भाजपा की ओर से कृष्ण बिश्नोई, कांग्रेस की तरफ से वजीर सिंह पूनिया, बीएसपी से नानक देव, आईएनएलडी की ओर से रमेश चूघ, जजपा की ओर से जय प्रकाश, आम आदमी पार्टी से सीताराम व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय सेवा संघ की शाखाओं ने किए सराहनीय सेवा कार्य : इन्द्र गोयल

## सेवा संघ की प्रांतीय बैठक में दिया लेखा-जोखा, पदाधिकारियों ने की सराहना

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** अखिल भारतीय सेवा संघ की समीक्षा बैठक यहां हुई। बैठक में विभिन्न शाखाओं की ओर से हर महीने किए गए सेवा कार्यों का लेखा जोखा पेश किया गया। संस्था पदाधिकारियों ने सभी शाखाओं के सेवा कार्यों को सराहनीय मानते हुए उनकी प्रशंसा की। इसमें बरवाला शाखा अध्यक्ष पवन मलिक ने संस्था द्वारा किए गए सेवा कार्य योगा कैंप का आयोजन, मेडिकल कैंप आयोजन, पौधारोपण का कार्य, समाज में दिव्यागजनों के लिए महेंद्र सेतिया व डॉ. योगेश बिदानी के सहयोग से अंग वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हिसार शाखा से अध्यक्ष सुमित मित्तल व संजीव राजपाल ने सेवा कार्य के प्रोजेक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक लेखा जोखा बताया। सिरसा शाखा अध्यक्ष राजेश तनेजा ने सेवा कार्य का लेखा जोखा पेश किया। हांसी शाखा के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र नारंग ने विभिन्न सेवा



प्रोजेक्ट के बारे में चर्चा की। हांसी शाखा के संरक्षक मदन लाल पसरीजा ने रक्तदान और नेत्रदान के महत्व के बारे में बताया। उनकी प्रेरणादायक वाणी से सभी भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जीते जी रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान करो। मीडिया सलाहकार राजेन्द्र सपड़ा ने बताया हर तीन माह में अखिल भारतीय सेवा संघ की प्रांतीय समीक्षा बैठक होती है। इसमें किए गए कार्यों की समीक्षा के अलावा आगामी सेवा कार्यों पर विचार-विमर्श किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष इंद्र गोयल व प्रदेश महासचिव विनोद धवन द्वारा समीक्षा बैठक में विभिन्न शाखाओं द्वारा किए गए सेवा कार्य की सराहना की। सभी शाखाओं को विशेष प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। जो नए सेवा रत्न बने उन्हें भी सम्मानित किया गया। नए सेवा रत्नों में हिसार महिला शाखा की अध्यक्ष सुरुचि असीजा, डॉ. अर्चना शर्मा व राजेश तनेजा, सिरसा से चेतन मेहता को सेवा रत्न से सम्मानित किया गया। डबवाली शाखा से प्रदेश संयोजक कृष्ण कामरा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। सभी शाखाओं ने भविष्य में ज्यादा से ज्यादा सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष इंद्र गोयल, प्रदेश महासचिव विनोद धवन, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सेतिया, प्रदेश सचिव मुकेश वर्मा, प्रदेश मीडिया सलाहकार राजेन्द्र सपरा, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामचन्द्र गुप्ता, प्रदेश प्रचार सचिव संदीप भाटिया, प्रदेश महिला प्रमुख डॉ. अर्चना शर्मा, चेतन मेहता, संतोष राज, महिला शाखा अध्यक्ष सुरुचि असीजा, सचिव सुनैना नागपाल, बरवाला शाखा से उपाध्यक्ष वेदप्रकाश गर्ग, संरक्षक केवल कृष्ण आर्य, कोषाध्यक्ष मास्टर सुदर्शन खुराना, सचिव हरीश सरदाना, हांसी पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र नारंग, सिरसा शाखा अध्यक्ष राजेश तनेजा, हिसार शाखा अध्यक्ष विनोद गोयल, सचिव सुमित मित्तल, कोषाध्यक्ष संजीव राजपाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे। डॉ. अर्चना शर्मा ने अपने दिमाग को कैसे स्वस्थ रख सकते हैं, इस बारे विस्तार से बताया।

# बहुमुखी व्यक्तित्व का नाम है आचार्य तुलसी : मुनिश्री पृथ्वी राज

## आचार्य श्री तुलसी का 110वां जन्मदिवस अणुव्रत दिवस के रूप में मनाया गया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** आचार्य श्री तुलसी का 110 वां जन्म दिवस आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य तपोमूर्ति मुनि पृथ्वीराज के सानिध्य में रावलवाससिया सेवा सदन में बालसमंद रोड में अणुव्रत दिवस के रूप में मनाया गया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर मुनि पृथ्वीराज ने अपने संबोधन में कहा कि आचार्य श्री तुलसी उस व्यक्तित्व का नाम है जिनकी ख्याति राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्षेत्रों में व्याप्त हो चुकी है। इसका कारण उन्होंने अपने धर्म को नई परिभाषा दी। निर्विशेष धर्म की व्याख्या के रूप में अनुवाद का प्रवर्तन किया आप तेरापंथ के नवम् आचार्य हैं। संयोग की बात आपका कत्तृव्य और व्यक्तित्व के साथ 9 की संख्या हमेशा उपलब्धि बन कर रही इसमें अणुव्रत आंदोलन, साध्वी शिक्षा, समण श्रेणी का अवदान, आगमों का



संपादन, प्रेक्षा ध्यान पद्धति, जीवन विज्ञान, परमार्थिक शिक्षण संस्था, जैन विश्व भारती और जैन विश्व भारती संस्थान शामिल हैं। मुनिश्री ने बताया कि आचार्य तुलसी बचपन से ही स्वच्छता प्रेमी, स्वाभिमानी, सत्य प्रेमी रहे। उनके जीवन में विरोध एवं उत्तेजना भरा वातावरण होने के पश्चात भी वे शांत रहे। आज उनकी पहचान तेरापंथ में सहिष्णुता की बन गई। उनके द्वारा साध्वी समाज शिक्षित प्रशिक्षित हुआ और फला-फूला। वर्तमान पूरा जैन समाज इस विकास के प्रति प्रणत है। तेरापंथ महिला समाज इसका एक प्रमाण है जिसने सत्याग्रह आंदोलन में भाग लिया और राष्ट्रपति भवन तक अपने आवेदन पत्र पहुंचाए। मुनिश्री ने कहा कि बहुमुखी व्यक्तित्व का नाम तुलसी है जिनके द्वारा तेरापंथ संघ में सेवा, तपस्या, शिक्षा एवं कला के क्षेत्र में अपूर्व प्रगति हुई। आचार्य तुलसी श्रम निष्ठा का नाम है जिसके कण-कण में जवानी का जोश उभरता रहा। 18 घंटे श्रम करने के बाद भी वही ताजगी, वही स्फूर्ति, वही क्रियाशीलता, यात्राओं में आगमों का संपादन, साहित्य, सेवा तथा तीनों समय प्रवचन। यह उनकी श्रम निष्ठा के चमत्कार हैं।

# दयानन्द महाविद्यालय के बी. एससी. तृतीय वर्ष (मैडिकल) के विद्यार्थियों ने किया पशु पालन एवं मुर्गी पालन विभाग का शैक्षणिक भ्रमण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के जीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के लिए लाला लाजपत राय विश्वविद्यालय के पशु पालन एवं मुर्गी पालन विभाग के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करवाया। शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक्सपीरियेशल लर्निंग के तहत विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को विभिन्न विश्वविद्यालयों में फिल्ड विजिट के लिए भेजा जाता है। इस




कड़ी के तहत विद्यार्थियों को फील्ड विजिट करवाया गया। इस विजिट में विद्यार्थियों ने डॉ. पाटिल की अध्यक्षता में पशु पालन विभाग में गायों की विभिन्न नस्लों को देखा जिसमें प्रमुख रही साहिवाल, हरधेनू, हरयाता। वहां पर इन नस्लों की गाय के छोटे बच्चों को भी देखा। इसके अलावा विद्यार्थियों ने पशु प्रज्जनन की विभिन्न तकनीकां को बारीकी से जाना। इसी कड़ी को जारी रखते हुए विद्यार्थियों ने लुवास के मुर्गी पालन विभाग का भी भ्रमण किया। वहाँ पर उन्होंने डॉ. पूनम, इंचार्ज, मुर्गी पालन विभाग की अध्यक्षता में मुर्गो की विभिन्न नस्लों जैसे एसील, धनराजा, कड़कनाथ आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली और उन्हें मुर्गी प्रज्जनन में इस्तेमाल होने वाली विभिन्न तकनीकी उपकरणों के बारे में जाना। बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (मैडिकल) के विद्यार्थियों ने डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, डॉ. पूनम देवी के नेतृत्व में यह भ्रमण किया। इसमें लैब एटेंण्डेंट श्री सुभाष ने भी योगदान दिया। इस भ्रमण में लगभग 65 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जीव विज्ञान विभाग का यह शैक्षणिक भ्रमण एक्सपीरियंस लर्निंग के तहत किया गया।

# ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस और अलंकरण समारोह की धूम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बीते दिन अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस और अलंकरण समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने कहा कि विश्व भर में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिन मनाया जाता है। उन्होने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रांतो के नृत्यों और गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री के एल गोस्वामी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों का भी अच्छे से पालन करना चाहिए। स्कूल ही अनुशासन, अधिकारों और कर्त्तव्य का सम्पूर्ण ज्ञान और बच्चों का सर्वांगीण विकास करवाता है। वॉइस हैड बॉय सोहेल ने बाल अधिकारों पर अपने विचार रखे। अलंकरण समारोह के दौरान हैड बॉय अमनदीप, हैड गर्ल निशा, हाउस कैप्टन वैभव हरगोविंद, अंजु आर्यभट्ट सदन, साक्षी रमन सदन, मनीषा कलम, क्रीडा कप्तान जिगाशु, सांस्कृतिक कार्यक्रम कप्तान वदिशा और सभी उपकप्तानों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# ग्राम संरक्षक स्कीम के तहत समीक्षा बैठक 29 नवंबर को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** ग्राम संरक्षक स्कीम से संबंधित मासिक रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने के कार्य की समीक्षा हेतु 29 नवंबर को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। सैनिक व अर्ध-सैनिक विभाग के आयुक्त एवं सचिव पी कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में ग्राम संरक्षक योजना में वर्णित सभी मापदंडों की प्रगति रिपोर्ट तैयार करके पोर्टल पर अपलोड करने और योजना के समग्र लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में समीक्षा की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को ग्राम संरक्षक योजना की समीक्षा हेतु नवीनतम रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने की हिदायत दी गई है।

# 'आई लव यू' ये कथन प्राकृतिक रूप से गलत है, भाषाई रुप से सही हैं, युवा इससे ऊपर उठने का प्रयास करें

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

आज की टैग लाइन को देख कर भले ही आप सब मुझे पागल कह सकते हो परंतु ये है बिलकुल सही, हां ये अंग्रेजी भाषा के अनुसार तो ठीक है लेकिन प्राकृतिक गुणों के हिसाब से एकदम गलत है। अब आप ये कहोगे कि मैं क्या कह रहा हूँ, मैं बिल्कुल सही कह रहा हूं। मानव जीवन में जो इमोशंस प्रकृति से मिलती है उसी से हम इसका विश्लेषण करेंगे, हर इंसान की व्यक्तित्व में बहुत से ऐसी भावनाएं है जो किसी भी व्यक्ति के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। हम सभी सुनते है कि बहुत से युवा अपने अपोजिट सेक्स के दोस्त को अक्सर कहते हुए सुनते हैं जैसे 'आई लव यू' ये सेंटेंस बहुत लोग बोलते हैं, कुछ लोग अपनी माता के लिए बोलते है, कुछ युवा अपने पिता को बोलते हैं, कुछ मातापिता अपने बेटे के लिए या अपनी बेटी के लिए बोलते हैं, कुछ दोस्त अपने बॉय फ्रेंड या गर्ल फ्रेंड को बोलते हैं। ऐसे आमतौर पर लोग आपस में बोलते रहते हैं, ये एक ह्यूमन बीइंग की ये बहुत मजबूत भावना के रूप में सामने आती हैं। वैसे मैने अक्सर देखा है कि इस सेंटेंस को एक मेल या फीमेल अपने फ्रेंड फीमेल या मेल तथा एक पति या पत्नी अपनी पत्नी या पति को बोलते है। और मैं ये कहता हूं कि जो लव शब्द है या प्रेम शब्द है ये एक ऐसी भावना है जिसका मतलब संपूर्णता से हैं। जीवन में दो इमोशंस ऐसी है जो बहुत बड़ी तथा बहुत मायने रखती हैं, इनमें एक तो है प्रेम और दूसरा है मोह। और दोनों का अर्थ बिलकुल अलग-अलग है। पहले प्रेम का अर्थ है सार्वभौमिक तथा मोह का मतलब है व्यक्तिगत। प्रेम कभी भी एक के लिए नहीं है प्रेम सार्वजनिक है, मोह, किसी एक के लिए होता है। प्रेम कभी भी परेशानियां खड़ी नहीं करता है, क्योंकि प्रेम में आसक्ति नहीं होती, प्रेम में मोह भी नही हैं, प्रेम लालच भी नहीं होता, प्रेम स्वार्थ या निजी हित नही होता है, मोह इसके बिलकुल विपरित होता है, जिसमे आसक्ति है, एक जिसमे लालच है, जिसमे स्वार्थ है, जिससे वासना उत्पन्न होती हैं, और यही वजह है की इससे क्रोध पैदा होता हैं, इससे लालच पैदा होता हैं, उसमे द्वेष और ईर्ष्या पैदा होती हैं। प्रेम एक ऐसी भावना है जो संकुचित नहीं हो सकती, जो स्नेह पैदा करता हैं, आदर वा सम्मान आता हैं, सहारा, सहयोग का भी प्रेम से जन्म होता है, प्रेम से किसी के मन में भी किसी के प्रति केयर आती है, जो सबका कल्याण करता हैं, जो सबके लिए हैं, जिसमे कोई जलन नही है, प्रेम में खुशी, आनंद, प्रशंसा उत्पन्न करता है। इसलिए जब कोई किसी एक व्यक्ति को ये कथन बोलता हैं कि 'आई लव यू' या कहते है कि 'मैं तुम्हे प्यार करता हूं या करती हूं' तो ये कथन ग्रामर के अनुसार तो बिल्कुल करेक्ट हैं परंतु ये ऐसे है जैसे पूरी ट्रेन में कोई एक व्यक्ति ही बैठ कर जाए, उसके पक्ष में हम कहें कि मैं जो कर रहा हूं सही कर रहा हूं, जब कोई वस्तु, कोई सूत्र, कोई व्यवस्था बहुत बड़ी संख्या के लिए बनी हो और हम कहे कि ये केवल मेरे लिए ही हैं, प्रेम कोई एक के लिए बना



ही नही है ये तो सभी के लिए बना हैं, हम प्रेम शब्द की ऊर्जा को केवल किसी एक के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए हैं। अगर आपके पास प्रेम है तो वो आपसे सभी को मिलेगा क्योंकि वो है ही सब के लिए। दोस्तो प्रेम हमारे जीवन का आधारभूत स्तंभ हैं, प्रेम से सारे पॉजिटिव एनर्जी, पॉजिटिव क्वालिटी, पॉजिटिव गुण आते है इसके विपरित मोह से सारी नेगेटिव क्वालिटी आती है, सारी नेगेटिव ऊर्जा आती है, मोह से सारी नेगेटिव गुण आते है जो हमारे जीवन में दोष ही दोष भर देते है। प्रेम, कभी 'आई लव यू' के लिए नही है अगर आपके जीवन में प्रेम या लव है तो वो सभी के लिए है वो हर जीव तथा निर्जीव, पहाड़ पत्थर, नदियों, हर किसी के लिए होता है और उसकी पहचान है कि आपके जीवन में प्रेम उतरा या नहीं। अगर किसी के जीवन में प्रेम उतरा है तो उनके जीवन में स्नेह, केयर, सहयोग, आदर वा सम्मान, विनम्रता, मधुरता और दया वा करूणा भी उतरती हैं और अगर मोह जीवन को घेरता है तो आपके जीवन में उसकी पहचान करने के लिए आपके जीवन में स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष, जलन, वासना, आसक्ति, क्रोध, भी उतरता है जिससे जीवन बर्बाद हो जाता है, अगर मैं कहूं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जो लोग भारत की जेलों में बंद हैं वो सभी कहीं ना कहीं नेगेटिविटी का मुख्य कारण मोह की वजह से ही होता हैं। युवाओं एक बात आप जरूर जान लो कि विश्वविद्यालय हजारों बच्चो के लिए होता हैं कोई एक बच्चे के लिए नही होता है, हमारा सूर्य सभी को रौशनी, धूप, ऊर्जा देता है किसी एक को नहीं, नदियां सभी को पानी देती हैं, हवाएं सभी को जीवन देती हैं किसी एक को नहीं देती है इसी प्रकार प्रेम भी सभी के लिए होता है किसी एक के लिए तो बिल्कुल नही होता हैं। और इससे इतर मोह एक के लिए होता है सभी के लिए नहीं होता है। पूरा जीवन केवल दो शब्दो पर टिका हुआ है, ये दुनिया कितनी अच्छी है या कितनी बुरी है ये इन दो शब्दों पर ही टिकी हुई हैं।

युवा साथियों एक बात तो पक्का समझ लो, वासना और प्रेम में बहुत अंतर है, प्रेम जहां होता है वहां धोखा नहीं, वहां सेक्स नहीं, वहां स्वार्थ नहीं होता है, वहां रिवेंज नहीं होता है, क्योंकि प्रेम में ना तो बदला है ना कुछ मांग होती है केवल निस्वार्थ तथा अनासक्ति होती है और अगर मोह है तो उसमे मांग भी है, रिवेंज भी है बदला भी है क्योंकि मोह में ही वासना पैदा होती है जो आजकल के युवाओं की नकली प्रेम की पहचान हैं। आओ युवा साथियों सारी दुनियां को असली प्रेम करें, प्रेम करें जीव जंतुओं को, पक्षियों को, नदियों को, खेत खलिहानों को, देश की हर बेटी को, हर बहन को, हर खेत खलिहान को, हम प्यार करें सभी इंसानों को, क्योंकि प्रेम तो सभी के लिए है और आओ सभी युवा अपने मुंह से कहें 'आई लव आल द लिविंग एंड नॉन लिविंग'।

**-लेखक**
**नरेंद्र यादव**
**नेशनल वाटर अवॉर्डी**

# सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा के टीले की खुदाई व अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ना चाहिए : बजरंग गर्ग

## मांग-अग्रोहा के विकास के लिए सरकार सबसे पहले अग्रोहा को तहसील बनाए





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में 27 नवंबर को पूर्णिमा के पावन पर्व पर अग्रोहा धाम में होने वाले कार्यक्रम व अग्रोहा धाम के विकास कार्य पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम में 27 नवंबर को पूर्णिमा के पावन पर्व पर माता महालक्ष्मी जी का छप्पन भोग व बाबा हनुमान जी मंदिर में सवामणि का प्रसाद, भंडारा व भव्य भजन समारोह होगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम, मेडिकल कॉलेज व अग्रोहा को विकसित करने के लिए वैश्य समाज रात दिन लगा हुआ है जबकि अग्रोहा धाम के साथ देश के नागरिकों की आस्था जुडी हुई है मगर सरकार की तरफ से कोई मूलभूत सुविधा ना मिलने से जनता में भारी नाराजगी है। अग्रोहा में सर्विस लाइन का काम अधूरा पड़ा है जिसके कारण हर रोज एक्सीडेंट हो रहे है और लगभग अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ो लोग घायल हो चुके हैं। यहां तक की अग्रोहा में सीवरेज लाइन तक नहीं है जो बरसाती नाले बने हुए हैं वह पूरी तरह से बंद पड़े हैं सड़के टूटी पड़ी है और रोड की सभी स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है और अग्रोहा में सरकार की तरफ से कोई विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी थी जो धर्मनगरी है जहां पर हर रोज हजारों व्यक्ति देश के कौने-कौने से अग्रोहा धाम में दर्शन के लिए आते हैं और हजारों मरीज अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में ईलाज करवाने आते हैं। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा के विकास की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। अग्रोहा में जो मूलभूत सुविधा नहीं है सरकार को सबसे पहले अग्रोहा में हर प्रकार की मूलभूत सुविधा देनी चाहिए। सर्विस लाइन चालू करनी चाहिए। सड़क, सीवरेज व स्ट्रीट लाईटों की व्यवस्था सुचारू रूप से सरकार करें। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा टीलें की खुदाई, अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने का काम शुरू करना चाहिए। अग्रोहा के विकास के लिए सरकार को सबसे पहले अग्रोहा को तहसील बनानी चाहिए ताकि अग्रोहा व अग्रोहा के आसपास के लोगों को राहत मिल सके। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश कन्वीनर राधेश्याम भारती, दिल्ली मॉडल टाउन प्रधान प्रेमचंद गुप्ता व दिल्ली विकासपुरी प्रधान रमेश बंसल को बनाया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव चूड़ियां राम गोयल, बाबूलाल जोधपुर, अमित अग्रवाल अहमदाबाद, भारत भूषण गर्ग गंगानगर, अरुण गोयल गुरुग्राम, राजीव गुप्ता पंचकूला, नंदकिशोर अग्रवाल पंजाब, प्रेमचंद गुप्ता दिल्ली, महासचिव विकास गुप्ता, विनोद कुमार गर्ग, राजकुमार गोयल, राष्ट्रीय युवा संयोजक अनंत अग्रवाल आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

# गौ सेवा से खुलता है मुक्ति का मार्ग : मदन बंसल

## श्री हरियाणा गौशाला व गोपाल गौशाला में गौपाष्टमी पर्व गौपूजन कर मनाया गया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 21 नवम्बर :** गौमाता की महिमा अपरंपार है। मनुष्य अगर जीवन में गौमाता को स्थान देने का संकल्प कर ले तो वह प्रत्येक प्रकार के संकट से बच सकता है। मनुष्य को चाहिए कि वह गाय को मंदिरों और घरों में स्थान दे, क्योंकि गौमाता मोक्ष दिलाती है। पुराणों में भी इसका उल्लेख मिलता है कि गाय की पूंछ छूने मात्र से मुक्ति का मार्ग खुल जाता है। उपरोक्त वाक्य श्री हरियाणा गौशाला में गौपाष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गौपुजन कर मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित समाजसेवी गौभक्त डायरेक्टर जनरल (रिटायर्ड) मदन लाल बंसल ने कहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गौभक्तों ने पूरे विधि विधान से गौपूजन किया गया। तत्पश्चात गौ परिक्रमा कर गुड़-दलिया एवँ हरे चारे की सवामणी लगा कर गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौशाला के प्रधान सज्जन अग्रवाल ने की। गौपूजन पुजारी विनोद शर्मा एवम् विकास शर्मा ने संपन्न कराया। गौशाला के प्रबंधक कमलेश गर्ग, सचिव प्रवीण बंसल, मुकेश जैन व नकुल अग्रवाल ने सैनिपुरा स्थित गौपाल गऊशाला में अन्य गौभक्तों के साथ पूजन करते हुए कहा कि गाय की महिमा को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण यादव, रमेश भूटानी, रजत अग्रवाल, मास्टर रामावतार सिंह, भरत लाल वर्मा, सतबीर कौशिक, श्रीचंद आहूजा, दीपक वर्मा सहित अन्य गौभक्त उपस्थित रहे।

# राइट टू क्लीन एयर एवं पॉल्यूशन बोर्ड द्वारा कॉल टू अर्थ डे मनाया गया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** राइट टू क्लीन एयर और हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने पर्यावरण के लिए कॉल टू अर्थ डे के उपलक्ष में अंतर-स्कूल नृत्य नाटिका कंप्टीशन का आयोजन किया। बच्चों ने माइम की शैली से पर्यावरण संरक्षण के हर पहलू को बहुत ही रोचक रूप से दर्शाया। बच्चों का उत्साह उनकी वेशभूषा, माइम- मेकअप, प्रॉप्स एवं चार्ट्स से देखते ही बनता था। मंत्र-मुग्ध हो सभी दर्शकों ने 5 तक चले कार्यक्रम को बहुत सराहा। इसके अलावा पोस्टर, कविता, डिक्लेमेशन, क्विज, एवं पर्यावरण वीडियो बनाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें 12 स्कूलों के 350 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। जलवायु परिवर्तन के प्रकोपों को रोकने के लिए कॉल टू द अर्थ डे विश्व भर के लगभग 140 देशों में मनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि पीएनबी की डीजीम अंजू मित्तल एवं नरेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और सभी बच्चों को बहुत प्रोत्साहित किया। हरियाणा राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के डॉ सुनील श्योराण डॉ कपिल एवं अशोक का विशेष योगदान रहा। डॉ कपिल ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि एक्यू आई घटाने के लिए पराली,पटाखे, पॉलिथीन, यातायात के साधनों फैक्ट्रीयों आदि से होने वाले होने वाले नुकसानों पर गंभीरता से सुधार कार्य हो सके। जैव विविधता डिपार्मेंट की ममता शिवाच ने प्रदूषण से हो रही जीव जंतुओं की दुर्दशा को रोकने की याचना की। भाग लेने वाले स्कूल रहे-आई डी डी ए वी पब्लिक, ठाकुरदास भार्गव, स्प्रिंगफील्ड, पैलेडियम, इंडस आर पी एस, यशोदा पब्लिक स्कूल, आई डीडीए वी जूनियर, एचकेएसडी गर्ल्स, कैंपस, दिग्विजय मेमोरियल, सिद्धार्थ इंटरनेशनल एवं मिलेनियम स्कूल। कार्यक्रम का संयोजन सुनीता महतानी, डॉ सुनीता श्योकन्द, डॉ सुनीता जैन, डॉ पुष्पा खरब, डॉ स्वराज कुमारी एवं सुषमा गोयल द्वारा किया गया। संस्था सदस्य नवीन महतानी, डॉ आरके जैन, एचपी सरदाना, उषा ठकराल, वीणा अग्रवाल, डॉ सुनीता बहल, डॉ कविता मोर, डॉ सविता सिंगल का विशेष योगदान रहा। निर्णायक समितियों में डॉ मीनाक्षी महाजन, डॉ संध्या शर्मा एवं डॉ पल्लवी ने कहा कि ऐसा अद्भुत कार्यक्रम उन्होंने हिसार में कभी नहीं देखा।

# श्री काली देवी विद्या मंदिर में आयोजित खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ समापन, विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

















**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 21 नवम्बर :** श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी में आयोजित एथलेटिक रिदम एंड कल्चरल इकोज़ 2023 थीम के अंतर्गत चल रहे खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे एवं समापन दिवस के अवसर पर कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के लगभग 900 विद्यार्थियों ने खेलकूद व कक्षा एलकेजी से चौथी तक के 500 विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ श्री राम प्रताप जी, प्रधानाचार्य (द ई फाइव वूमेन%स कॉलेज गड़ी, हांसी) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाहित स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, डिजनी कैरक्टर्स डांस, नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंग बिरंगी वेशभूषा में रेट्रो नृत्य, प्रेरणादायक गीत मिक्स इंग्लिश सॉन्ग, पेरेंट्स सॉन्ग, राजस्थानी नृत्य, राधा कृष्ण नृत्य, हरियाणवी नृत्य, माईम एवं कृष्ण-सुदामा प्रसंग का मंचन किया गया। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक सत्र 2022-23 में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी व पेन देकर पुरस्कृत किया गया। खेलों के प्रथम राउंड में कक्षा पांचवी के थ्री लेग रेस में सोनाक्षी व हेजल प्रथम, आशना व पाखी द्वितीय एवं प्रीत व भवी तृतीय रहे। ओवर जंप रेस में कक्षा छठी से रितेश व वेदांत प्रथम, भावेश व लविश द्वितीय एवं बुलंद व राव हर्ष तृतीय रहे। ड्रैग द बॉल विद रिंग रेस में कक्षा सातवीं से अंशिका प्रथम, दिव्या द्वितीय व वंशिका तृतीय रहे। ब्रिक रेस में कक्षा आठवीं से मयंक व हवीश प्रथम, जतिन व शुभम द्वितीय एवं दिव्यम व नयन तृतीय रहे। मेक ए टेबल बाय टूथपिक रेस में कक्षा पांचवी से मुस्कान प्रथम, नूर द्वितीय व सिद्धि तृतीय रहे। हर्डल रेस में कक्षा छठी से कृष यादव प्रथम, साहिल राजपूत द्वितीय व यथार्थ तृतीय रहे। आइसक्रीम स्टिक एंड डाइस रेस में कक्षा सातवीं से हितांशी प्रथम, प्लाक्षा द्वितीय व नव्या तृतीय रहे। दूसरे राउंड के अंतर्गत चाटी बैलेंस रेस में कक्षा आठवीं से पलक प्रथम, दीक्षा द्वितीय व नव्या तृतीय रहे। थ्री इन वन रेस में कक्षा पांचवी से काव्यांश प्रथम, दैविक द्वितीय व चिराग तृतीय रहे। बाल बैलेंस रेस में कक्षा छठी से अंशिका प्रथम, आशिमा द्वितीय व इशिका तृतीय रहे। ब्लॉक रेस में कक्षा सातवीं से आदित्य प्रथम, अगम द्वितीय व शिवम तृतीय रहे। पोम पोम रेस में कक्षा आठवीं से तन्वी प्रथम, दृष्टि द्वितीय व सोनाक्षी तृतीय रहे। पापाज़ शर्ट रेस में कक्षा पांचवी से हार्दिक प्रथम, आरुष द्वितीय व प्रिंस तृतीय रहे। स्किपिंग रेस में कक्षा छठी से कृति प्रथम, साक्षी द्वितीय व नव्या तृतीय रहे। तीसरे राउंड के अंतर्गत पिट्ठू रेस में कक्षा सातवीं से मनन व समीर प्रथम, यशविन व हर्षित द्वितीय एवं अर्जुन व अर्णव तृतीय रहे। बोल बैलेंसिंग रेस में कक्षा पांचवी से भाविक प्रथम, प्रियांश द्वितीय व भविष्य तृतीय रहे। पोटैटो- पास्ता रेस में कक्षा छठी से राधिका प्रथम, जानवी द्वितीय व अन्वी तृतीय रहे। अंबरधरा रेस में कक्षा सातवीं से खुशी व दृष्टि प्रथम, गुरसीरत व लक्षिता द्वितीय एवं हंसिका व धैर्य तृतीय रहे। ऑल इन वन रेस में कक्षा आठवीं से वृत्ति प्रथम, जिया द्वितीय व रिद्धि तृतीय रहे। हर्डल रेस में कक्षा आठवीं से गुरजीत प्रथम, मानव सैनी द्वितीय व सुशांत तृतीय रहे। पुट बॉल इन बॉक्स रेस में कक्षा पांचवी से होनेशा प्रथम, निशिता द्वितीय व अशनूर तृतीय रहे। चौथे राउंड के अंतर्गत रिंग रेस में कक्षा छठी से आयान व विजेंद्र प्रथम, अनिरुद्ध व अभिनव द्वितीय एवं मयंक व तनीष तृतीय रहे। सैक रेस में कक्षा पांचवी से शिवांश प्रथम, आरव द्वितीय व प्रियांशु तृतीय रहे। तिरंगा रेस में कक्षा छठी से माईली प्रथम, रोहिणी द्वितीय व मनावी तृतीय रहे। कुशन ऑन नेक रेस में कक्षा सातवीं से चिराग प्रथम, नवनीत द्वितीय व रुद्रा तृतीय रहे। हर्डल रेस में कक्षा पांचवी से हर्ष यादव प्रथम, शौर्य द्वितीय व अविजीत तृतीय रहे। स्लो साइकिलिंग रेस में कक्षा आठवीं से जयंत प्रथम, वरुण द्वितीय व मान्विक तृतीय रहे। जलेबी रेस में कक्षा आठवीं से रविन प्रथम, केशव द्वितीय व सोहित तृतीय रहे। म्यूजिकल चेयर में कक्षा पांचवी गर्ल्स में मन्नत, आराध्या जैन व गिरीशा क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांचवी बॉयज में निशांत, मुकुंद व हर्ष जैन क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। कक्षा छठी गर्ल्स में गुंजन, यशिका व भूमिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। कक्षा छठी बॉयज में चयन, कीरत व धिमांत क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। कक्षा सातवीं गर्ल्स में महक, रिद्धिमा व गिरीशा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। कक्षा सातवीं बॉयज में अरनव अग्रवाल, सोहम व आरुष क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। आठवीं गर्ल्स में हुनर, बानी व सोनाक्षी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। आठवीं बॉयज में अंश ठकराल, इशांत व बलदेव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इसके पश्चात सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व प्राचार्या द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि, श्री राम प्रताप जी ने अपने संबोधन में विद्यालय के अनुशासन एवं सभी विद्यार्थी प्रतिभागिता की सरहाना की व उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्या श्रीमती गीता मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे कोमल पौधे के समान होते हैं तथा उन्हें उत्तम संस्कारों द्वारा सींचे ताकि वे भविष्य में सफलता रूपी फल पा सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने ग्रैटीट्यूड सॉन्ग द्वारा सभी आमंत्रित अभिभावकों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया व राष्ट्रगान के साथ दो दिवसीय खेलकूद व सांस्कृतिक समारोह का समापन हुआ।

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में वीरांगना लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती पर किया नमन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** भिवानी रोहिल्ला महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में गत दिवस वीरांगना लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय चेयरमैन श्री भारत भूषण प्रधान ने लक्ष्मीबाई के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि इतिहास में ऐसी साहसी एवं वीर महिला की कोई और मिसाल नहीं है जो अपने इकलौते पुत्र को पीठ पर बांध कर युद्ध के मैदान में वीरगति को प्राप्त हुई हो। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने कहा कि लक्ष्मीबाई उनकी रोल मॉडल हैं और उनका सपना है कि इस कॉलेज की हर छात्रा निर्भीक और साहसी बनने के साथ साथ अनुशासनप्रिय भी बने। इस अवसर पर कॉलेज छात्राओं ने 'खूब लडी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी' कविता का सस्वर गायन किया और लक्ष्मीबाई को माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे सभी शिक्षा के साथ-साथ पराक्रमी महारानी लक्ष्मीबाई के संस्कारों को भी आत्मसात करें ताकि बहादुर व जुझारू महिला के रूप में विकसित हो सकें। इस अवसर पर भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।





डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स
व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000


**बेदखली सूचना**

मैं, बालकिशन पुत्र श्री चिरंजीलाल, निवासी गांव रामायण, तह. हांसी, जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र आजाद मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार

**बेदखली सूचना**

मैं, बाला देवी पत्नी श्री महेन्द्र सिंह, निवासी वार्ड नं. 23, बोगा राम कॉलोनी, हांसी, तह. हांसी, जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मेरा पुत्र राजकुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार


AC
LLOYD Whirlpool VOLTAS
IFB orient electric HITACHI Inspire the Next Haier
0% Interest बिना ब्याज के
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
सबसे आकर्षक Rate !
सबसे आकर्षक Offers !
SINGLA ELECTRONICS
BETWEEN PARIJAT CHOWK AND NAGORI GATE, HISAR
M.: 94666-83396, 98136-62313


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे हस्पताल में 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2017 तक भर्ती मरीजों की फाइल और बिलिंग रिकार्ड 25 दिसंबर 2023 को नष्ट किया जाएगा। इससे पहले का रिकार्ड पहले ही 2019 में नष्ट किया जा चुका है। कोई भी मरीज रिकार्ड लेना चाहता है तो 25 दिसम्बर 2023 से पहले हस्पताल में अपने आईडी प्रूफ के साथ सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकता है, इसके बाद किसी भी मरीज का रिकार्ड नहीं दिया जा सकेगा।

-प्रबंधक
वी. के. न्यूरो केयर एंड ट्रामा रिसर्च हस्पताल
एन-159, मॉडल टाउन, हिसार

# सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने महिला की जान बचाकर प्रस्तुत की बहादुरी की मिसाल, हमें ऐसे पुलिस कर्मचारियों पर गर्व है : ईलावादी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 21 नवम्बर :** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के प्रधान सरदार कृष्ण सिंह इलावादी की अध्यक्षता में पावन मन्दिर बजरंग आश्रम में मनोज कुमार सब इंस्पैक्टर ट्रेफिक हांसी व मैडम रजनी एच.सी. सदर थाना हांसी को बहादुरी का कार्य करने के लिए समिति के सदस्यों ने शाल ओढ़ाकर व मूमैन्टों देकर तथा पुष्प वर्षा करके सम्मानित किया। प्रधान सरदार इलावादी ने बताया कि मनोज कुमार सब इंस्पैक्टर ने एक बुर्जुग महिला जोकि एक नदी में पूजा का सामान सामग्री को बहा रही थी तो अचानक पैर फिसलने से नदी में गिर गई तो वहां नाका लगाकर खड़ी पुलिस में सब इंस्पैक्टर मनोज कुमार की नजर उस महिला पर गई तो उसने देखा कि वह नदी में डूब रही है तो तुरन्त मनोज कुमार ने छलांक लगाकर उसको नदी से बाहर निकाल कर उनकी जान बचा ली। इलावादी ने कहा सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बुजुर्ग महिला की जान बचाकर बहादुरी की मिसाल प्रस्तुत करने के साथ साथ समाज के सामने उत्कृष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है।

किशोरी नागपाल ने कहा कि इस प्रकार बुजुर्ग महिला की जान बचाने को लेकर अपनी जान की परवाह नही की क्योंकि नदी काफी गहरी थी। ऐसे बहादुरी के कार्य करने को लेकर समिति ने उसका जहां आभार व्यक्त किया वही उसका सभी समिति के सदस्यों ने सम्मानित भी किया।

मनोज कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि समिति ने मेरे हौसले को चार गुणा बढ़ा दिया है। इस तरह सम्मान मिलने से हर व्यक्ति ऐसे कार्य करने में बढ़-चढ़ कर भाग लेगा मैं एक विचार रखना चाहूंगा कि आप सभी अपने बच्चों को तैराकी जरूर से जरूर सिखाए। इस मौके पर हरमेश खुराना, कर्मवीर पुट्ठी, कर्ण सिंह राठौड, किशोरी नागपाल, प्रधान फतेह सिंह, ओ.पी. मुंजाल, विजय पाल शास्त्री, संजय सिल्वी मीडिया प्रभारी, केशव धमीजा, रामस्वरूप खट्टर, डॉ. नन्द किशोर अरोड़ा, गुलशन अरोड़ा, संजय मुंजाल, हरीश पपनेजा, सुन्दर पपनेजा, कश्मीरी बजाज आदि उपस्थित थे।

# हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हिसार यूनिट ने गांव किरोड़ी से 1 किलो 18 ग्राम गांजा किया बरामद



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख श्री ओ. पी. सिंह, आई.पी.एस. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन श्री अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट हिसार की इकाई ने गांव किरोड़ी से 1 किलो 18 ग्राम गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक श्री राज सिंह, एचपीएस, एचएसएनसीबी हिसार के आदेशानुसार इन्चार्ज युनिट हिसार आईएनएसपी कर्मबीर सिंह ने बतलाया कि स.उ.नि. हेमराज की आगुवाई मे एक पुलिस टीम नशा पडताल के सम्बन्ध में बस अडडा गांव किरोडी जिला हिसार पर मौजूद थी कि गुप्त सूचना मिली कि रामफल निवासी गांव किरोडी जिला हिसार में नशीला पदार्थ गांजा बेचता है। सूचना के आधार पर रामफल काबू करके राजपत्रित अधिकारी की मौजुदगी में तलाशी लेने पर 1 किलो 18 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसके संबंध में थाना अग्रोहा जिला हिसार में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया, जिसको कल पेश अदालत किया जाएगा है। इसके साथ-साथ आम जन से अपील करते हुए बताया कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई देता है तो बेफिक्र होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री नंबर 90508-91508 पर सूचना दे सकते हैं सूचना देने वाले का नाम पता पूर्णता गुप्त रखा जाएगा।

# कार चालक द्वारा अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगाने से टकराई बाइक, युवक घायल



बाइक सवार घायल युवक अस्पताल में भर्ती।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 21 नवम्बर :** हांसी में हिसार बाईपास के समीप तेज रफ्तार कार के इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बाद बाइक सवार युवक कार से टकरा गए। हादसे में एक युवक के पैर और सिर पर काफी चोटें आई है। उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाईक सवार हैप्पी ने बताया कि वह केएफसी में काम करता है। आज सुबह वह अपने साथी नवदीप के साथ ड्युटी के लिए जा रहा था। जैसे ही वह हिसार बाइपास के पास पहुंचा, उनकी बाईक के आगे चल रही तेज रफ्तार कार ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। उसने बाइक कंट्रोल करने की कोशिश की, बावजूद इसके उनकी कार से टक्कर हो गई। जिसमें वह घायल हो गया। हैप्पी ने कार चालक के पास जाकर गलती के बार में कहा तो उसने कहा कि तुम्हारे पास लाइसेंस नहीं है, इसलिए गलती तुम्हारी है। इसके बाद वह बिना रुके वहां से चला गया। आसपास के लोगों ने उसे हांसी के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा उनका ईलाज किया जा रहा है।

# बहुउदेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के सोरखी बलॉक के चुनाव संपन्न

## अनिल यादव दूसरी बार प्रधान ओर विपिन बामल बने ब्लॉक सचिव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 21 नवम्बर :** ब्लॉक सोरखी में आज जिला कमेटी की देख रेख में बहुउदेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ब्लॉक सोरखी की चुनावी प्रक्रिया को पुरा करवाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला मुख्य सलाहकार जितेंद्र मलिक ओर संचालन जिला सचिव प्रताप और बजरंग सोनी ने संयुक्त रूप से किया। ज़िला प्रधान अनिल गोयत और जिला मुख्य सलाहकार जितेंद्र मलिक और प्रेस सचिव मनदीप राठी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया की बहुउदेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ब्लॉक सोरखी की त्रिवार्षिक ब्लॉक कार्यकारणी का चुनाव करवाया गया। सर्वप्रथम अनिल यादव द्वारा वर्तमान ब्लॉक कार्यकारणी द्वारा तीन साल की उपलब्धिया और वित्तिय लेखा जोखा रखा गया।इसके बाद प्रधान अनिल यादव द्वारा वर्तमान कार्यकारणी को भंग करके नयी कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अनिल यादव एमपीएचडब्लू को दूसरी बार ब्लॉक प्रधान और मनीषा को उप प्रधान, विपिन बामल को ब्लॉक सचिव, कृष्ण को ब्लॉक कैशियर, संदीप यादव को प्रेस सचिव, प्रदीप कुमार ब्लॉक सलाहकार बनाया गया। नवनियुक्त ब्लॉक प्रधान अनिल यादव और सचिव विपिन बामल ने बताया की वो पूरी इमानदारी ओर निष्ठा से संगठन में भागीदारी करेंगे।

# लापता छात्रा के परिजनों ने गृह मंत्री अनिल विज से लगाई गुहार, रेवाड़ी एसपी से विज बोले -परेशान मां-बाप रोते हुए रेवाड़ी से अम्बाला पहुंचे, आप सख्त से सख्त कार्रवाई करो

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 21 नवम्बर :** हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने आज अंबाला में अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। रेवाड़ी से आए दंपत्ति ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उनकी 15 वर्षीय बच्ची सरकारी स्कूल में छात्रा है। गत दिनों वह स्कूल गई थी और तभी से लापता है। उनका आरोप था कि पुलिस ने केस दर्ज करने के बावजूद मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी रेवाड़ी को फोन लगाते हुए मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्ची के मां-बाप रोते हुए रेवाड़ी से अम्बाला पहुंचे हैं आप इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करो। गृह मंत्री ने इस मामले की जांच सीआईए स्टाफ से कराने के निर्देश भी दिए। शाहबाद से फरियाद लेकर आई युवती ने अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उसके जानकार युवक ने उससे शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया और अब युवक इटली चला गया है। युवती का आरोप था कि युवक के परिजनों ने भी पहले शादी के लिए हामी भरी थी। गृह मंत्री अनिल विज ने मामले में कुरुक्षेत्र एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# श्री कृष्ण सुदामा गौधाम गौशाला में गोपाष्टमी का कार्यक्रम हवन यज्ञ के साथ हुआ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 21 नवम्बर :** निकटवर्ती गांव चौधरीवास में स्थित श्री कृष्ण सुदामा गौधाम में गोपाष्टमी की पूर्व संध्या पर गोशाला में उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ व गौमाता की पूजा अर्चना कर पावन पर्व मनाया। गोपाष्टमी के पावन दिवस पर विद्वान नरेश पंडित ने गौशाला में हवन-यज्ञ करके गौमाता की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर गाय माता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्वान ब्राह्मण नरेश पंडित ने कहा गौमाता का दूध अमृत के समान होता है इसे ग्रहण करने हमारी बुद्धि तीव्र होती है,क्योंकि गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। अगर हम पूरी श्रद्धा से गौमाता की पीठ पर मात्र हाथ सहलाए गे तो हमे कई रोगों से मुक्ति मिल जाएगी। इसके अलावा उन्होंने ने फरमाया कि गायों की सेवा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। लाचार व घायल गायों की सेवा से चारों धाम की यात्रा का फल प्राप्त होता है। हमें नेक कमाई में से कुछ हिस्सा गौमाता की सेवा में अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर गोभक्तों ने सुंदर भजनों के माध्यम गौमाता के प्रति अपनी भक्ति व श्रद्धा व्यक्त की। गौमाता की आरती के उपरांत सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गौशाला के प्रधान सजंय डालमिया व समस्त गांववासी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हिसार रोडीस दी साइकलिंग क्लब की वार्षिक सालासर धाम साइकिल यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण




**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार, 21 नवम्बर :** हिसार के साइकलिंग क्लब हिसार रोडीस ने सालासर तक अपनी वार्षिक साइकिल यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की। दो दिवसीय इस यात्रा में क्लब के सभी सदस्य सदस्यों ने 210 किलोमीटर एक साइड साइकिल चलाकर यह यात्रा पूर्ण की। हिसार से सालासर तक 210 किलोमीटर और सरासर से वापस हिसार तक फिर 210 किलोमीटर साइकिल पर ही सफर तय किया गया। क्लब की तरफ से यह जानकारी देते हुए डॉक्टर अरुण अग्रवाल ने बताया कि इस यात्रा में शशि, मनोज गुप्ता, तुषार गुप्ता, अंकित जैन, वैभव, गुरविंदर, दिव्यम, सुभाष, राजू, यशपाल, राजेश, गौरव, मनीष, दिनेश और मुकेश ने हिस्सा लिया। यह यात्रा पूरी करने में 2 दिन लगे। यात्रा के माध्यम से हर वर्ष पर्यावरण बचाने का संदेश देने का प्रयास किया जाता है, साथ ही लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक होने का संदेश दिया जाता है। डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि साइकिल का प्रयोग पहले हमारे घरों में बहुत ज्यादा होता था लेकिन धीरे-धीरे वक्त के साथ साइकिल का प्रयोग कम होता चला गया। रोजमर्रा के कार्यों में भी अगर साइकिल का प्रयोग किया जाए तो न सिर्फ पर्यावरण प्रदूषण रोका जा सकता है बल्कि व्यक्तिगत अर्थव्यवस्था को भी सुधारा जा सकता है। घर के आसपास के छोटे-मोटे कामों को लिए अगर साइकिल का प्रयोग किया जाए तो पेट्रोल से चलने वाले वाहन के मुकाबले खर्चा न के बराबर होगा। इससे आर्थिक बचत भी होगी और प्रदूषण भी नहीं फैलेगा। साथ ही साइकिल चलाने से व्यक्ति का शरीर भी स्वस्थ रहेगा। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति आज अपने शरीर के लिए समय नहीं निकल पाता है लेकिन अगर वह अपने रोजमर्रा के कार्यों में साइकिल का प्रयोग करेगा तो उसके शरीर की एक्सरसाइज भी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि साइकिल यात्रा के दौरान क्साब सदस्य सालासर पहुंचकर श्री बालाजी मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेकर सफलतापूर्वक साइकिल चलाते हुए ही हिसार वापस पहुंच गए।


# भाविप शाखा हांसी सदस्य भरत सिंह और उनकी पत्नी उमा देवी ने पौधारोपण कर मनाई शादी की 50वीं सालगिराह



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 21 नवम्बर :** भारत विकास परिषद शाखा हांसी के सदस्य भरत सिंह और उनकी पत्नी उमा देवी ने कल अपनी शादी की 50वीं सालगिराह हरियाणा गौशाला में सवामणि लगाकर मनाई और गौशाला में पीपल का पौधा भी लगाया। प्रांतीय अध्यक्ष कमलेश गर्ग ने बताया कि हमें जन्मदिन और शादी की सालगिरह गौशाला में सवामणि लगाकर या पेड़ लगाकर मनानी चाहिए, न कि होटल में। शाखा सचिव श्री चंद आहूजा ने बताया कि हमें भरत सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिए। शाखा के सभी सदस्यों ने उनको हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कृष्ण यादव, रमेश भूटानी, राम अवतार सिंह, प्रवीन बंसल, सतबीर कौशिक, दीपक बागोरिया, ज्योति, अभिषेक बागोरिया, चांदनी, गंगा, प्रियंका, अक्षज, यशकृत, अंकिता, हिमांशी आदि उपस्थित थे।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।